कार्यालय – प्रधानाचार्य
राम लखन सिंह यादव महाविद्यालय
[राँची विश्वविद्यालय की एक अंगीभूत इकाई]
NAAC द्वारा प्रत्यायनित
कोकर, झारखण्ड – राँची
ESTD. 1972
कर्म ही लक्ष्य
OFFICE OF THE PRINCIPAL
RAM LAKHAN SINGH YADAV COLLEGE
[A Constituent unit of Ranchi University]
Accredited by NAAC
KOKAR. RANCHI. JHARKHAND – 834001
Ph./Fax: 0651-2543439
Web: www.rlsycollege.ac.in
e-mail: rlsycollegeranchi@gmail.com

IAQC Meeting – 28 IQAC - 28वीं बैठक

Date – 3rd October 2023

दिनांक 30 सितंबर 2023 को दी गई सूचना के अनुसार 3 अक्टूबर 2023 को आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन कोषांग की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य डॉ. जे.पी. सिंह द्वारा की गई । बैठक का संचालन आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन कोषांग समन्वयक डॉ. स्मिता किरण टोप्पो द्वारा किया गया। बैठक में आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन कोषांग के शिक्षक सदस्य डॉ. कुमारी रीता, डॉ. आगा ज़फर, डॉ. नैन्सी तिर्की, श्रीमती नीतू कुमारी, डॉ. मनीष चन्द्र टुडू और सुश्री शिखा सिंह उपस्थित रहे।

समन्वयक डॉ. स्मिता किरण टोप्पो ने बैठक की शुरूआत में सभी का स्वागत किया और आने वाले समय में महाविद्यालय के आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन कोषांग के कार्यों के संचालन में सभी के सहयोग की अपेक्षा की बात कही। उन्होंने कहा कि पठन–पाठक के कार्यों के अतिरिक्त पहली प्राथमिकता विलंबित ए.क्यू.ए.आर. को भरने और जमा करने की होगी ।

बैठक में निम्न विषयों पर चर्चा की गई –

Agenda 1:

पूर्व में महाविद्यालय के आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन कोषांग के द्वारा किए गए कार्यों की समीक्षा।

प्रस्तावः

समन्वयक डॉ. स्मिता किरण टोप्पो ने कहा कि पहले आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन कोषांग के द्वारा पूर्व में किए गए कार्यों की समीक्षा की जाए, प्रत्याययन के प्रथम चरण में जिन क्षेत्रों में कमी थी उनको चिह्नित कर लिया जाए, तत्पश्चात लंबित कार्यों की सूची बनाकर कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर करना प्रारम्भ किया जाए। श्रीमती नीतू कुमारी ने कहा कि पिछले वर्षों में जो कार्य नहीं हो पाए हैं उनको पहले करने की शुरूआत की जाए। आधारभूत संरचना में यदि बहुत अधिक सुधार संभव नहीं है तो वैसे कार्य किए जाएं जो पहली बार में किए जा सकते थे और वे नहीं किए जा सके।

निर्णय :

- यह निर्णय लिया गया कि रेन वाटर हार्वेस्टिंग, कम्पोस्ट पिट, ग्रीन कैम्पस, कैम्पस मैप, दिव्यांग जनों के लिए रैम्प, पाथवे आदि जो कार्य नहीं हो पाए थे उनके लिए पुनः नई कार्ययोजना बनाई जाए और उनपर कार्य प्रारंभ किया जाए।
- वर्तमान बर्सर से महाविद्यालय में फंड्स की उपलब्धता ज्ञात करने एवं आवश्यक होने पर विश्वविद्यालय जाकर सी.सी.डी.सी. से वार्त्ता करने के लिए तीन चार लोगों की टीम बनाने का निर्णय हुआ । टीम में प्रभारी प्राचार्य के अतिरिक्त डॉ. आगा ज़फर, डॉ. खालिक अहमद, डॉ. स्मिता किरण टोप्पो, डॉ. पी.पी. आशुतोष और प्रधान सहायक श्री सुनील कुमार होंगे।
- कैम्पस मैप बनाने की जिम्मेदारी भूगोल विभाग को दी जाए।
- प्रशासनिक भवन तक व्हील चेयर्स की पहुंच के लिए रैम्प बनाने के लिए स्थान निश्चित किया गया।
- कम्पोस्ट पिट के लिए स्थान निश्चित किया गया कि कैम्पस के पूर्वी छोर में स्टेज के बगल में बेड का निर्माण किया जाए।

Scanned by CamScanner

कार्यालय – प्रधानाचार्य
राम लखन सिंह यादव महाविद्यालय
[राँची विश्वविद्यालय की एक अभीभूत इकाई]
NAAC द्वारा प्रत्यायनित
कोकर, झारखण्ड – राँची
कर्म ही लक्ष्य
ESTD. 1972
OFFICE OF THE PRINCIPAL
RAM LAKHAN SINGH YADAV COLLEGE
[A Constituent unit of Ranchi University]
Accredited by NAAC
KOKAR, RANCHI, JHARKHAND – 834001
Ph./Fax: 0651-2543439
Web: www.rlsycollege.ac.in
e-mail: rlsycollegeranchi@gmail.com

Agenda 2 :

NEP 2020 पर उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित करनां ।

प्रस्ताव :

डॉ. नैन्सी तिर्की ने कहा कि 2022 से राँची विश्वविद्यालय ने नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के पाठ्यक्रम को अपनाया। बहुत सी बातें जो पाठ्यक्रम, परीक्षा, एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट, अंकों का बंटवारे, कक्षाओं के घंटे आदि शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के लिए नई हैं और उनके बारे में स्पष्ट जानकारी की आवश्यकता है। अतः एक ऐसा कार्यक्रम सभी के लिए और विशेष कर नए सत्र के विद्यार्थियों के लिए करने की आवश्यकता है जो नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के पाठ्यक्रम से संबंधित सभी पहलुओं को स्पष्ट कर सके। डॉ. कुमारी रीता ने कहा कि विश्वविद्यालय से वैसे विशेषज्ञों को बुलाया जाए जिन्होंने राँची विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रम को बनाने का काम किया है।

निर्णय :

- महाविद्यालय में नए सत्र के विद्यार्थियों के लिए एक उन्मुखीकरण कार्यक्रम तथा कार्यशाला का आयोजन करने का निर्णय लिया गया।
- राँची विश्वविद्यालय से विषय विशेषज्ञों को आमंत्रित करने और उस कार्यशाला में नए पाठ्यक्रम से संबंधित सभी पहलुओं पर स्पष्टता प्राप्त करने का निर्णय लिया गया।
- प्रस्तावित कार्यक्रम को ऑनलाइन लाइव करने का भी निर्णय लिया गया क्योंकि महाविद्यालय में कुछ ही कमरों में स्मार्ट मॉनीटर हैं।
- कार्यक्रम को महाविद्यालय के यू–ट्यूब चैनल पर लाइव करने का निर्णय लिया गया जिससे अधिकाधिक विद्यार्थी एक समय में उस कार्यक्रम से लाभान्वित हो सकें।

Agenda 3:

पुस्तकालय सुविधाओं को बढ़ाना एवं Nlist में शिक्षकों और विद्यार्थियों को पंजीकृत करना।

प्रस्ताव :

डॉ. आगा ज़फर ने महाविद्यालय के पुस्कालय में संसाधनों को बढ़ाने का प्रस्ताव रखा। उन्होंने कहा कि एनलिस्ट में शिक्षकों के पंजीकरण के साथ साथ विद्यार्थियों के पंजीकरण का कार्य किया जाना चाहिए ताकि ऑनलाइन सामग्री का लाभ उठाया जा सके।

निर्णय :

- सभी शिक्षक एनलिस्ट में पंजीकृत किए जाएंगे।
- जिन विषयों में स्नातकोत्तर की पढ़ाई होती है, उन विभागों के स्नातकोत्तर के विद्यार्थियों का भी पंजीकरण किया जाए जिससे कि शोध संबंधी विषयों में उनको मदद हो।
- पुस्तकालय के लिए नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के पाठ्यक्रम के अनुरूप पुस्तकें मंगाए जाने का भी निर्णय लिया गया।

Agenda 4:

विभिन्न क्रियाकलापों के लिए अलग अलग संस्थाओं के साथ एम.ओ.यू. करना।

प्रस्ताव :

Scanned by CamScanner

कार्यालय प्राचार्य
राम लखन सिंह यादव महाविद्यालय
[राँची विश्वविद्यालय की एक अंगीभूत इकाई]
NAAC द्वारा प्रत्यायनित
कोकर, झारखण्ड – राँची
ESTD. 1972
कर्म ही लक्ष्य
OFFICE OF THE PRINCIPAL
RAM LAKHAN SINGH YADAV COLLEGE
[A Constituent unit of Ranchi University]
Accredited by NAAC
KOKAR, RANCHI, JHARKHAND – 834001
Ph./Fax: 0651 2543439
Web: www.rlsycollege.ac.in
e-mail: rlsycollegeranchi@gmail.com

सुश्री शिखा सिंह ने कहा कि ने कहा कि महाविद्यालय में कई ऐसे कार्य किए जाने की आवश्यकता है जो सामाजिक दायित्व के तहत आते हैं और कुछ कार्य विभिन्न गैर सरकारी संस्थाओं की सहायता से किए जा सकते हैं। इसके लिए कुछ संस्थाओं के साथ एम.ओ.यू. किया जाना चाहिए और उनके साथ महाविद्यालय का आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन कोषांग काम कर सकता है।

निर्णय :

- निर्णय लिया गया कि चार–पाँच गैर सरकारी संस्थाओं तथा कुछ शैक्षणिक संस्थाओं के साथ एम.ओ.यू. या टाई अप किया जाएगा और उनके साथ मिलकर रक्तदान शिविरों, स्वच्छता अभियानों, शिक्षा अभियानों को चलाया जाएगा।

3/10/2023 3/10/23 3/10/23 03/10/23 03/10/2023

03/10/23 03/10/23

Scanned by CamScanner